## एक नजर में



### पुलिस ने किया शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहाँनाबाद थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास मौके पर चोरी की एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया. शातिर चोर ने भीड़- भाड वाले क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया था. बुधवार को फरियादी रईस अहमद निवासी इमामी गेट ने अपने दुपहिया वाहन चोरी की सूचना पुलिस को दी.



### पेड़ों की कटाई का विरोध

**भोपाल.** आसाराम तिराहे से रत्नागिरी तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में हरे पेड़ों की कटाई का विरोध करने के लिए गुरुवार को प्राकृतिक प्रेमी जुटे. चिपको आंदोलन करते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया. मामले में एनजीटी ने भी रोक लगाई है. पर्यावरण प्रेमी सुयश कुलश्रेष्ठ ने शहर में पेड़ों की कटाई को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक वृक्ष मां के नाम लगाने का आगाज किया है. हमने सैकड़ो वृक्ष लगाएं और आज उन्हीं वृक्षों को जो की मां के समान है.

### सृजन-2 कार्यक्रम का शुभारंभ

**भोपाल.** आयोध्या नगर, क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरेट भोपाल, आयोध्या नगर थाना, मीत संस्था एवं लोक उत्थान संस्थान के संयुक्त प्रयास से "सृजन-2" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता एवं जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। वार्ड 68 की पार्षद श्रीमती उर्मिला ने अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

# ट्रेन में नवजात बच्चा छोड़कर गई महिला



## पुलिस और जीआरपी ने शुरू की तलाश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 दिसंबर. कोलार पुलिस और जीआरपी (रेलवे पुलिस) एक मासूम नवजात को उसके परिजनों से मिलाने के लिए 'मिशन मोड' पर काम कर रही है.**

नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में सफर के दौरान एक अज्ञात महिला, नवजात को एक युवती के पास छोड़ कर अचानक से गायब हो गई. महिला यात्री ने नवजात की मां का हुलिया कोलार पुलिस को बताया. पुलिस बच्चे की मां की खोज में जुटी है.

### मिशन मोड में कार्य कर रही है पुलिस

कोलार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 21 वर्षीय युवती ने थाने पहुंचकर नवजात बच्चे और उसकी मां के बारे में जानकारी दी. युवती ने पुलिस को बताया कि वह अनूपपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर भोपाल आ रही थी. युवती जब अपनी सीट पर बैठी थी, तभी उसके पास एक महिला जिसका रंग सांवला और उम्र लगभग 25-30 वर्ष की बैठी थी, वह हरे रंग की साड़ी में थी.

युवती ने पुलिस को बताया कि बुधवार को जब ट्रेन कटनी स्टेशन के पास थी. तब शाम के करीब 4 बजे महिला ने टॉयलेट में जाने की बात बोलकर अपना नवजात उसे पकड़ाया. युवती नवजात को बहुत देर तक लेकर बैठी रही ट्रेन चल दी और रानी कमलापति स्टेशन भी आ गया. महिला के वापस नहीं आने पर युवती नवजात को लेकर कोलार इलाके में एक होटल में टहराव किया. युवती इसके बाद कोलार थाने पहुंच कर नवजात और उसकी मां को लेकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मामले को देखते हुए प्राथमिक कार्रवाई पूरी की और जीआरपी को सूचना दी.

जीआरपी पुलिस के मुताबिक इटारसी जीआरपी मामले की मुख्य जांच कर रही है. युवती के बयान के आधार पर नवजात की मां के हुलिये के आधार पर खोज की जा रही है. स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं.

# बदमाशों ने लहराई तलवारें

**▸अलग- अलग इलाकों का मामला**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 दिसंबर. राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरूवार को बदमाशों ने तलवार लहराते हुए दहशत फैलाने की कोशिश की. दोनों घटनाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. मामले की शिकायत थानों में की गई.**

पहला मामला कोलार थाना इलाके का है. ललिता नगर मार्केट दिन दहाड़े एक बदमाश ने दुकानदार को डराने के लिए तलवार लहराई. बदमाश ने इस दौरान एक दुकान में लगे कांच के गेट को भी तोड़ दिया. घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने मामले में बीच बचाव किया, जिससे दुकानदार बाल-बाल बच गया. मामले की शिकायत दुकानदार ने कोलार पुलिस में की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मामले में अबतक सामने आई जानकारी के मुताबिक आरोपी ने बयान दिया है कि दुकानदार ने उसकी मां के साथ गलत व्यवहार किया था, जिसके चलते गुस्से में आकर उसने ऐसा कदम उठाया. दूसरा मामला जहांगीराबाद स्थित पुरानी गल्ला मंडी का बताया गया है, जहां सरदार मोहल्ले में बदमाश ने तलवार लहराई. जानकारी के अनुसार निगरानी शुदा बदमाश हुकुम सिंह ने दोनों हाथों में तलवार लहराते हुए दहशत फैलाने की कोशिश की.

# मध्यप्रदेश में बढ़ी कड़ाके की ठंड

### पचमढ़ी में पारा 4 डिग्री से नीचे



**भोपाल, 25 दिसंबर. मध्यप्रदेश में कोहरे का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है.**

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में सर्दी और तेज होने की संभावना है. ऐसे में नए साल के जश्न के लिए पचमढ़ी का रुख करने वाले पर्यटकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा क्षेत्र शहडोल जिले का कल्याणपुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. ग्वालियर और चंबल संभाग में भी ठंड का असर तेज होता जा रहा है. बीते 24 घंटों के दौरान ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में करीब 3.6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि अन्य संभागों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया.

> मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहा. अधिकतम तापमानों में भी सभी जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ और तापमान सामान्य के आसपास बना रहा. वहीं, शहडोल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जबकि बाकी संभागों में यह सामान्य रहा. कोहरे का असर ट्रेनों और सड़कों पर अभी भी बना हुआ है. दिल्ली से भोपाल, उज्जैन और इंदौर के बीच चलने वाली कई ट्रेनें पिछले एक सप्ताह से 5 से 8 घंटे की देरी से पहुंच रही हैं.

# साइबर धोखाधड़ी पर हो त्वरित कार्रवाई

## प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू

विशेष संवाददाता



**भोपाल, 25 दिसंबर. साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू कर दी गई है.**

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' के विज़न के अनुरूप है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यवस्था के साथ ही मध्यप्रदेश, दिल्ली के बाद देश का दूसरा राज्य बन गया है जहाँ ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू की गई है. ई-जीरो एफआईआर सुविधा का उद्देश्य 1 लाख से अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है. इस डिजिटल प्रणाली के माध्यम से एफआईआर स्वतः दर्ज हो जाती है, जिससे क्षेत्राधिकार से जुड़ी देरी समाप्त होती है और जांच तुरंत प्रारंभ हो पाती है. इस व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान किया गया, जहाँ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका उद्घाटन किया और पहली ई-जीरो एफआईआर की प्रति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी.

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी खुद को बताया मंत्री का करीबी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 दिसंबर. एक नेत्रहीन युवक को नौकरी दिलाने का झांसा दिलाते हुए ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ठग ने पीड़ित से 20 हजार रूपए की ठगी की है.**

मामले की शिकायत के बाद हबीबगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. पीड़ित दिव्यांग युवक शिवकुमार ठाकरे के साथ यह घटना हुई है. पीड़ित सिवनी जिले का रहने वाला है. शिवकुमार को दीपक कुर्मी नाम के आरोपी ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए ठगी की. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे एक मंत्री का नजदीकी बताते हुए फोन पर बात करते हुए झांसे में लिया. नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी दीपक ने शिवकुमार से 20 हजार रूपए भी ऐंठे. आरोपी ठग का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित शिवकुमार खुद भोपाल पहुंचा. वह ठग के बताए गए मंत्री के पते पर पहुंचा, तब उसे जानकारी दी गई कि यहां पर दीपक कुर्मी नाम को कोई भी कर्मचारी नहीं है.



### एमपीनगर थाने से डीबी माल चौराहे तक देर शाम को लगा भारी जाम

**भोपाल.** शहर में यातायात व्यवस्था में गुरुवार को बदलाव के बाद भी एमपीनगर थाने से डीबी माल चौराहे तक देर शाम को जाम की स्थिति बनी रही. वाहन चालक देरी तक जाम में फंसे नजर आए.

# लिव-इन में रह रही एक युवती की मौत, प्रेमी पर लगाया आरोप

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 दिसंबर. लिव-इन में रह रही एक युवती की मौत गुरूवार को जेके अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई. मृतका के परिजनों ने उसके प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं.**

कोलार पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मृतका के निवास स्थान से मेडिकल सामग्री बरामद की है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतका ने दवाओं का ओवरडोज लिया है. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर मर्ग कायम कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार मृतका मेघा यादव (30) कोलार इलाके में अपने प्रेमी रूपेश साहू के साथ रहती थी. बुधवार को देर रात रूपेश ने मेघा का मुंहबोला भाई बताकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया था. रूपेश ने मेघा के अस्पताल में होने की सूचना उसके परिवार के लोगों को फोन पर भी दी थी. इसके बाद वह मेघा को अकेला छोड़कर चला गया. मेघा के परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे. इलाज के दौरान मेघा की मौत हो जाने पर परिजनों ने रूपेश पर गंभीर आरोप लगाया.

# नॉन स्टाप 450 दिन हुआ बिजली उत्पादन

## 210 मेगावाट क्षमता की 5 नंबर यूनिट ने किया कमाल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 दिसंबर. एमपी पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने बड़ा कमाल दिखाते हुए लगातार 450 दिन नॉन स्टाप बिजली उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया.**

चचाई की यूनिट नंबर 5 प्रदेश के इतिहास में ऐसी प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट है जो लगातार 450 दिनों से संचालित है. यह यूनिट एक अक्टूबर 2024 से लगातार बिजली उत्पादन कर रही है.

यूनिट ने पिछले माह अक्टूबर की 4 तारीख को लगातार 365 दिन यानी एक वर्ष तक निर्बाध बिजली उत्पादन करने का तमगा हासिल किया था. यूनिट 5 के निर्बाध संचालन से प्रदेश के विद्युत ग्रिड को स्थिरता मिली और घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई. इस उपलब्धि से न केवल म.प्र. पावर जनरेशन कंपनी की साख मजबूत हुई बल्कि यह प्रदेश की अन्य ताप विद्युत इकाइयों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनी है.

### ▸चचाई यूनिट की उपलब्धि, मिली सराहना

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 की इस सफलता व उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपीजेनको के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के यूनिट नंबर के ऑपरेशन व मेंटेनेंस अभियंताओं व कार्मिकों की लगन, मेहनत व समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है. निरंतर संचालन की इस असाधारण अवधि के दौरान यूनिट नंबर 5 ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 98.48 फीसदी का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर, 94.91 फीसदी का प्लांट लोड फैक्टर प्राप्त किया है और 9.29 फीसदी की सहायक विद्युत खपत बनाए रखी.

## हर दिन बदल रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** प्रदेश में सोयाबीन बेचने वाले किसानों के लिए प्रतिदिन मॉडल रेट जारी किया जा रहा है, शुक्रवार को 4235 रुपये प्रति क्विंटल का रेट जारी किया गया है. सबसे बड़ी बात ये कि भावांतर योजना के तहत जब से मॉडल रेट जारी किया गया है, तब से लेकर अब तक मॉडल रेट में 300 रुपये के बीच ही अधिकतम और न्यूनतम रेट के बीच अंतर बना हुआ है. ये मॉडल रेट एक बार भी 4300 रुपये प्रति क्विंटल पर नहीं पहुंच सका है, इसी तरह ये 4000 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे भी नहीं गया है. सोयाबीन के लिये सबसे पहले सात नवंबर को मॉडल रेट जारी किया गया था, उस दिन 4020 रुपये प्रति क्विंटल रेट तय किया गया था.

# पुलिस की गश्त में 41 बदमाश गिरफ्तार



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 दिसंबर. फरार आरोपियों की धरपकड़ और निगरानीशुदा बदमाशों पर नकेल कसने के लिए भोपाल देहात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त अभियान कर कार्रवाई की.**

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने कुल 41 बदमाशों को गिरफ्तार किया. एसडीओपी मंजू चौहान की अगुवाई में भोपाल के थाना बिलखिरिया, सूखी सेवनिया, ईटखेड़ी, परवलिया सड़क और बैरसिया थाना क्षेत्रों में बुधवार को देर रात कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया. इस दौरान 20 स्थायी वारंट और 21 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया. इस विशेष अभियान में 80 पुलिस अधिकारियों ने जवानों के साथ मॉनिटरिंग करते हुए सहभागिता की. पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में जहां अपराध नियंत्रण को मजबूती मिली, वहीं असामाजिक तत्वों को कानून व्यवस्था को लेकर संदेश मिला.

### बदमाश नें आटो में लगाई आग

**भोपाल.** टीटी नगर थाना इलाके में एक आटो को बदमाश ने आग के हवाले कर दिया. सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई. मामले की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. आटो के मालिक ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी. फरियादी ने बताया कि उसने अपना आटो सुनहरी बाग के पास खड़ा किया था. बुधवार को देर रात को अज्ञात बदमाश ने उसमें आग लगा दी. आगजनी की घटना होने पर आसपास के रहवासियों ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया. आग की चपेट में आए आटो का लगभग पूरा हिस्सा जल कर खराब हो गया. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने घटना की जांच शुरू की. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाली गई, जिसमें अज्ञात बदमाश बुधवार की देर रात करीब 2 बजे दिखाई दिया. फुटेज में बदमाश अपने चेहरे को मफलर से ढका हुआ है. सुनियोजित तरीके से वह आटो पर पहले ज्वलनशील पदार्थ छिड़कता दिखा. इसके बाद आरोपी ने आटो में आग लगा दी और मौके से फरार हो गया. पुलिस अज्ञात आरोपी के हुलिए के आधार पर उसकी पहचान करते हुए तलाश कर रही है.

**प्रतिक्रिया ▸ अमित शाह के एमपी दौरे के बहाने कांग्रेस ने सरकार पर किया हमला**

# कानून-व्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता



**भोपाल, 25 दिसंबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश आगमन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्र और भाजपा-शासित राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और जनता भय, अपराध व असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है. पटवारी ने कहा कि अमित शाह का प्रदेश में स्वागत है, लेकिन मध्य प्रदेश की जनता के ऐसे पाँच अहम सवाल हैं, जिनसे भाजपा सरकार वर्षों से बचती रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि गृह विभाग केवल कागज़ों और प्रचार तक सीमित रह गया है.

उन्होंने बताया कि राज्य में 20 हजार से अधिक पुलिस पद रिक्त पड़े हैं, जिससे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, इसके बावजूद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अब तक कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं किया. एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि महिलाओं और आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में मध्य प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है, फिर भी कोई विशेष सुरक्षा योजना नहीं बनाई गई.

आदिवासी बहुल जिलों में अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों में गिरफ्तारी, चार्जशीट और सजा की दर बेहद कमजोर बताते हुए उन्होंने पुलिस व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल उठाए.

> उन्होंने मंदसौर के मल्हारगढ़ थाने का उदाहरण देते हुए पुलिस रेटिंग की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाया. पटवारी ने दावा किया कि प्रदेश में 23 हजार से अधिक बेटियां लापता हैं और 575 से ज्यादा बलात्कार के आरोपी खुले घूम रहे हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गृह विभाग संभालने में विफल रही है और प्रदेश को खोखले भाषणों नहीं, बल्कि जवाबदेह पुलिस व्यवस्था की जरूरत है.

# ग्रामीण क्षेत्रों की जरुरतें पूरी नहीं हुयीं

विशेष संवाददाता



**भोपाल, 25 दिसंबर. पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश्वर पटेल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में राज्य सरकार ग्रामीण मध्य प्रदेश की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है.**

कांग्रेस नेता पटेल ने कहा कि कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रमुख कल्याणकारी एवं विकास योजनाएँ धराशायी हो गई हैं. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली प्रमुख योजनाओं को 'सुनियोजित ढंग से कमजोर किया गया'. उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख करते हुए दावा किया कि राज्य में पंजीकृत श्रमिकों में से एक प्रतिशत को भी 100 दिन का पूर्ण रोजगार नहीं मिला, जो ग्रामीण मजदूरों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है.

पटेल ने प्रधानमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश की महिलाओं को 179 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने की हालिया घोषणा पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि यह राशि वास्तव में लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुँची, बल्कि यह केवल राजनीतिक प्रचार तक सीमित रही.

राज्य आजीविका मिशन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दो प्रतिशत से भी कम महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो पाया है.